PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 3
Width: 38.40 cms, Height: 19.49 cms, a3r, Ref: 19.2017-08-16.25

स्वतंत्रता के शुभ समारोह पर सात स्तरीय सुरक्षा का घेरा



पैनी नजर... ऐतिहासिक लालकिला परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान चौकस निगरानी करता कमांडो ● जागरण

रोबोट ने भी संभाली थी सुरक्षा की कमान, इस साल भी काली पतंग ने सुरक्षा एजेंसियों को किया परेशान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न हो गया। पिछले एक महीने से राजधानी हाई अलर्ट पर थी। दिल्ली पुलिस समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा तैयारी में जुटी थीं। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बिना बुलेटप्रूफ ग्लास वाले घेरे से राष्ट्र को संबोधित किया, जबकि 13 अगस्त को हुए फुल ड्रेस रिहर्सल में बुलेटप्रूफ ग्लास लगाया गया था। वहीं पिछले साल की तरह इस बार भी लालकिले के ऊपर काली पतंग उड़ने से सुरक्षा एजेंसियां परेशान दिखीं। सुरक्षाकर्मी दूरबीन से पतंग के मूवमेंट पर घंटों नजरे टिकाए रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्वतंत्रा दिवस समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो जाने से सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली। लालकिले पर सात स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दिल्ली पुलिस के जिम्मे बाहरी घेरा था। सुरक्षा में रोबोट का भी इस्तेमाल किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी साये को देखते हुए पूरी राजधानी में चप्पे-चप्पे पर दिल्ली पुलिस व पैरा मिलिट्री की तैनाती की गई थी। दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही थी।

राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर लाल किले तक जाने वाले रास्ते के चप्पे-चप्पे पर दिल्ली पुलिस, रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान तैनात थे। लालकिले तक पहुंचने वाले वाहनों की जांच चार से पांच चरणों में हुई। कड़ी जांच के बाद ही वीवीआइपी के वाहनों को लालकिले के पास निर्धारित पार्किंग स्थल तक जाने दिया गया।

करीब 650 इमारतों और 150 घरों की खिड़कियों को सील किया गया था। लाल किले के आसपास, आइएसबीटी, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर, सिविक सेंटर समेत साठ से अधिक ऊंची इमारतों की छतों पर एंट्री एयरक्राफ्ट व एयर डिफेंस गन लगाए गए थे ताकि इनके जरिये हवाई हमले को ध्वस्त किया जा सके। उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरों के लिए पांच कंट्रोल रूम बनाए गए थे।

650 इमारतों और 150 घरों की खिड़कियों को सील किया गया था

> लालकिले पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है। पतंग बहुत दूर से उड़ते हुए लाल किले पर आकर गिरी, जो सुरक्षा में चूक का मामला नहीं है।
>
> **मधुर वर्मा**, डीसीपी व पुलिस प्रवक्ता

सुरक्षा में सेंध... नई दिल्ली में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालकिला की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान कहीं से एक उड़ती हुई काली पतंग आई और लहराकर उनके पास गिरी ● ध्रुव कुमार